कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – डी0आई0सी0/2024/1176, दिनांक – 10.05.2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. प्राचार्य/निदेशक,
   समस्त सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

विषय- शैक्षणिक सत्र 2024–25 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण विषयक।

महोदय,

उत्तराखण्ड शासन द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के शैक्षणिक सत्र 2024–25 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ कर दिये गये हैं। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड शासन की वैबसाईट **https://ukadmission.samarth.ac.in/** के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा वैबसाईट में लॉग-इन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना होगा। अभ्यर्थी विभिन्न स्नातक परम्परागत पाठ्यक्रमों/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता इण्टरमीडिएट निर्धारित की गयी है के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेंगे। अभ्यर्थी को प्रत्येक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक-पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा करना होगा। अतः कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की स्नातक कक्षाओं (बी0 ए0, बी0 एस-सी0, बी0 कॉम0 तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम-जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता 10+2 निर्धारित है) के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण किये जाने हेतु अन्तिम तिथि **31 मई, 2024** निर्धारित की जा रही है। विस्तृत जानकारी उत्तराखण्ड शासन की वैबसाईट https://ukadmission.samarth. ac.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर पर स्नातक कक्षाओं (बी0 ए0, बी0 एस-सी0, बी0 कॉम0 तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम-जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता 10+2 निर्धारित है) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के समक्ष प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

कुलसचिव,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल